C M Y K
Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में शनिवार
सायं 5:22 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में रविवार
सुबह 7:12 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ

हल्द्वानी | वर्ष 18 अंक 34 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | शनिवार, 19 जुलाई 2025



सिनेमाघरों में ओपनिंग डे पर सैयारा...पेज-3 पर

News कॉर्नर

## नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन

**नैनीताल।** नैनीताल बैंक द्वारा शुक्रवार को हाईकोर्ट बार एसोसिएशन नैनीताल के तत्वावधान में नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर बैंक के 104वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में पूरे जुलाई माह में आयोजित की जा रही विविध सामाजिक गतिविधियों की श्रृंखला का एक महत्वपूर्ण भाग था। शिविर में अधिवक्ताओं एवं कर्मचारियों सहित 85 से अधिक लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस अवसर पर अनुभवी चिकित्सकों की टीम द्वारा विभिन्न स्वास्थ्य परीक्षण किए गए एवं आवश्यक परामर्श भी प्रदान किया गया। शिविर में हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष दुर्गा सिंह मेहता, महासचिव वीरेंद्र सिंह रावत, वरिष्ठ अधिवक्ता डॉ एम एस पाल, नैनीताल बैंक के वरिष्ठ प्रबंधक आलोक साह, राजेंद्र सिंह, शाखा प्रबंधक विप्लव राणा, हर्षित पंत सहित अन्य कर्मचारीगण भी उपस्थित रहे। उन्होंने प्रतिभागियों से संवाद करते हुए इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविरों की महत्ता को रेखांकित किया और समाज के प्रति बैंक की प्रतिबद्धता को दोहराया।

## गुलदार का खौफ: जखोली किरोड़ा में समूह में स्कूल से घर भेजे जा रहे बच्चे

**रुद्रप्रयाग।** किरोड़ा गांव में वन विभाग ने क्यूआरटी की टीम की तैनाती की गई। यहां एक छात्रा पर गुलदार ने झपट्टा मारा था, जिसके बाद से गांव में भय का माहौल है। राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय किरोड़ा की छात्रा पर स्कूल जाते समय गुलदार मारने के बाद से गांव सहित पूरे क्षेत्र में लोगों में डर बना है। वहीं छात्र-छात्राओं की सुरक्षा के लिए स्कूल प्रबंधन की ओर से बच्चों को छुट्टी के बाद समूह में घर भेजा जा रहा है। साथ ही अभिभावकों से भी बच्चों को समूह में स्कूल भेजने के लिए कहा गया है। वहीं वन विभाग ने किरोड़ा गांव में क्यूआरटी टीम तैनात कर दी है जो निरंतर गश्त कर रही है।

# नकली दवाओं के खिलाफ आज से ऑपरेशन क्लीन अभियान

**देहरादून**
हमारे संवाददाता

प्रदेशभर में नकली दवा बनाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। फार्मा कंपनियों, थोक व फुटकर विक्रेता दुकानों का निरीक्षण कर जांच के लिए सैंपल भेजे जाएंगे।

प्रदेश में नकली व खराब गुणवत्ता वाली दवाओं के खिलाफ शनिवार से ऑपरेशन क्लीन अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान के तहत फार्मा कंपनियों, थोक व फुटकर विक्रेता दुकानों का निरीक्षण कर सैंपल जांच के लिए भेजे जाएंगे। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने




अभियान के लिए क्विक रिस्पांस टीम (क्यूआरटी) गठित की है। सहायक औषधि नियंत्रक हेमंत सिंह नेगी की अध्यक्षता में गठित टीम में आठ सदस्य शामिल हैं। स्वास्थ्य सचिव डॉ. आर. राजेश कुमार ने बताया कि अभियान का उद्देश्य प्रदेश को नशामुक्त उत्तराखंड बनाने के साथ गुणवत्ता युक्त दवाएं उपलब्ध कराना है। औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम 1940 और नियम 1945 के तहत अभियान चलाया जाएगा।

**बैठक**
- भारत-नेपाल सीमा पर रहेगी पर विशेष निगरानी

इसके तहत प्रदेशभर में नकली दवा बनाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। नकली, अधोमानक, मिसब्रांडेड व मादक औषधियों का निर्माण, भंडारण के साथ विक्रय करने वालों की निगरानी कर कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा भारत-नेपाल सीमा के साथ अन्य सीमावर्ती क्षेत्रों में सघन निगरानी की जाएगी। स्वास्थ्य सचिव डॉ. आर. राजेश कुमार ने बताया, क्यूआरटी में सहायक औषधि नियंत्रक मुख्यालय डॉ. सुधीर कुमार, वरिष्ठ औषधि निरीक्षक मुख्यालय नीरज कुमार, वरिष्ठ औषधि निरीक्षक नैनीताल मीनाक्षी बिष्ट, वरिष्ठ औषधि निरीक्षक टिहरी सीपी नेगी, वरिष्ठ औषधि निरीक्षक हरिद्वार अनिता भारती, औषधि निरीक्षक देहरादून मानवेन्द्र सिंह राणा, औषधि निरीक्षक मुख्यालय निशा रावत, औषधि निरीक्षक मुख्यालय गौरी कुकरेती शामिल हैं। अभियान के तहत जिलों को औषधि निरीक्षण कार्य के लिए दो श्रेणियों में बांटा गया है। इसमें श्रेणी-एक में देहरादून, हरिद्वार, नैनीताल, ऊधमसिंह नगर, पौड़ी, और श्रेणी-दो में अल्मोड़ा, रुद्रप्रयाग, टिहरी, उत्तरकाशी, चंपावत शामिल हैं।

मुख्य अतिथि का सीएम धामी समेत अन्य मंत्री, विधायक ने स्वागत किया

# उत्तराखंड निवेश उत्सव कार्यक्रम में रुद्रपुर पहुंचे गृहमंत्री अमित शाह



**रुद्रपुर**
हमारे संवाददाता

यहां मनोज सरकार स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित उत्तराखंड निवेश उत्सव कार्यक्रम में पहुंचे मुख्य अतिथि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने पंडाल में मौजूद लोगों का हाथ हिलाकर अभिवादन किया। इसके बाद केंद्रीय गृहमंत्री ने कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया।

इससे पहले मुख्य अतिथि का बालिकाओं ने रंगारंग सांस्कृतिक से स्वागत किया। इस दौरान सीएम पुष्कर सिंह धामी, केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा, सांसद अजय भट्ट, विधानसभा अध्यक्ष रीतू खंडूरी, स्वास्थ्य मंत्री धन सिंह रावत, कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज, बाबा रामदेव, रुद्रपुर विधायक शिव अरोड़ा समेत अन्य अतिथि मंच पर आसीन थे। यहां विधायक अरविंद पांडेय,मेयर विकास शर्मा, पूर्व विधायक राजेश शुक्ला, जिला अध्यक्ष कमल जिंदल, मुख्य सचिव आनंद बर्धन, डीजीपी दीपम सेठ आईजी कुमाऊं रिदम अग्रवाल समेत कई सचिव मौजूद रहे। समाचार लिखे जाने तक कार्यक्रम जारी था। कार्यक्रम में केंद्रीय गृहमंत्री तकरीबन 2.30 बजे कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे। उन्होंने निवेश उत्सव में लगे स्टालों का निरीक्षण किया।




मनोज सरकार स्पोर्ट्स स्टेडियम रुद्रपुर में आयोजित उत्तराखंड निवेश उत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ करते केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह।



**आयोजन**
- निवेश उत्सव में लगे स्टालों का निरीक्षण किया



# उत्तराखंड में देर रात डोली धरती, चमोली जिले में भूकंप के झटके

**देहरादून**
हमारे संवाददाता

राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र (एनसीएस) के अनुसार, उत्तराखंड के चमोली जिले में 3.3 तीव्रता का भूकंप आया। जो जमीन में 10 किलोमीटर की गहराई में था।

उत्तराखंड के चमोली में शुक्रवार देर रात भूकंप के झटके महसूस होने से दहशत फैल गई। लोग अपने घरों और दुकानों से बाहर निकलकर सड़क पर खड़े हो गए। रिक्टर पैमाने पर इसकी तीव्रता 3.3 बताई जा रही है। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र (एनसीएस) के अनुसार, उत्तराखंड के चमोली जिले में 3.3 तीव्रता का भूकंप आया। जो जमीन में 10 किलोमीटर की गहराई में था। इससे पहले 8 जुलाई को उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले में रिक्टर पैमाने पर 3.2 तीव्रता का भूकंप आया था। एनसीएस के अनुसार, यह भूकंप दोपहर 1:07 बजे 5 किलोमीटर की गहराई पर आया था।

पृथ्वी के अंदर 7 प्लेट्स हैं, जो लगातार घूमती रहती हैं। जहां ये प्लेट्स ज्यादा टकराती हैं, वह जोन फॉल्ट लाइन कहलाता है। बार-बार टकराने से प्लेट्स के कोने मुड़ते हैं। जब ज्यादा दबाव बनता है तो प्लेट्स टूटने लगती हैं। नीचे की ऊर्जा बाहर आने का रास्ता खोजती हैं और डिस्टर्बेंस के बाद भूकंप आता है।

# भारी बारिश का रेड और ऑरेंज अलर्ट, सावधानी बरतने के निर्देश

**देहरादून**
हमारे संवाददाता

मौसम विज्ञान विभाग ने 20 जुलाई को नैनीताल, चंपावत व ऊधम सिंह नगर जिले में कहीं- कहीं पर भारी बारिश होने की संभावना को लेकर रेड अलर्ट है।

उत्तराखंड के पर्वतीय इलाकों में तेज दौर की बारिश का सिलसिला आज भी जारी रहेगा। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार रुद्रप्रयाग, बागेश्वर और पिथौरागढ़ जिले के कुछ हिस्सों में तेज दौर की बारिश होने के आसार हैं। जबकि बागेश्वर जिले के कुछ इलाकों में भारी से भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। साथ ही 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं। आने वाले दिनों



की बात करें तो 24 जुलाई तक प्रदेशभर में तेज दौर की बारिश की संभावना है। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र ने सभी जिलाधिकारियों को एक पत्र भेजा है। इसमें कहा गया है कि मौसम विज्ञान विभाग ने 20 जुलाई को नैनीताल, चंपावत व ऊधम सिंह नगर जिले में कहीं- कहीं पर भारी बारिश होने की संभावना को लेकर रेड अलर्ट है। साथ ही टिहरी, देहरादून, पौड़ी और बागेश्वर जिले में आरेंज अलर्ट है। 21 जुलाई को देहरादून, टिहरी व हरिद्वार में अत्यंत भारी बारिश होने के कारण रेड अलर्ट और नैनीताल, चंपावत, ऊधम सिंह नगर, रुद्रप्रयाग व उत्तरकाशी जिले में आरेंज अलर्ट है। 22 जुलाई को देहरादून, टिहरी, पौड़ी, नैनीताल, चंपावत व ऊधम सिंह नगर में बहुत भारी बारिश होने की संभावना है, इसको लेकर आरेंज अलर्ट है। ऐसे में आवागमन में नियंत्रण बनाए रखते हुए सावधानी बरती जाए।

राज्य में एक बार्डर रोड समेत 54 मार्ग बंद हैं। सबसे अधिक चमोली जिले में 13 मार्ग बंद हैं। पिथौरागढ़ में मुनस्यारी-मिलम बार्डर रोड समेत कुल आठ मार्ग बंद है। अल्मोड़ा दो, बागेश्वर तीन, देहरादून चार, नैनीताल तीन, पौड़ी छह, रुद्रप्रयाग सात, टिहरी दो और उत्तरकाशी में छह मार्ग बंद है।

मार्ग बंद होने के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के अनुसार विभिन्न मार्गों पर बंद सड़क को खोलने के लिए 514 जेसीबी तैनात की गई हैं।

# उत्तराखंड एसटीएफ ने भगोड़ा ईनामी बदमाश को दबोचा

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

उत्तराखंड एसटीएफ ने रामनगर पुलिस के साथ ज्वाइंट आपरेशन में 10 हजार का ईनामी अपराधी व शूटर गुरप्रीत सिंह उर्फ गोपी को गिरफ्तार किया है। एसटीएफ के मुताबिक ईनामी अपराधी 2 राज्यों के चार न्यायालयों से भगोड़ा घोषित किया गया था।

जिसकी तलाश पंजाब और उत्तराखंड पुलिस को पिछले 5 वर्षों से थी। वर्ष 2016 में रुद्रपुर में हुए चर्चित छोटे प्रधान हत्याकांड व वर्ष 2017 में रामनगर में पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग के अपराध में शामिल था। कोर्ट से भगोड़ा घोषित होने पर विदेश भाग गया था। एसटीएफ ईनामी अपराधियों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत की गिरफ्तारी की गई।उत्तराखंड राज्य में जघंन्य अपराधों में लंबे समय से वांछित इनामी/भगोड़े अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए संघन अभियान एसटीएफ एसएसपी



नवनीत सिंह भुल्लर को विशेष रूप से निर्देशित किया गया था। इसी निर्देश के तहत सीओ एसटीएफ आरबी चमोला के पर्यवेक्षण में एक टीम का गठन किया गया। टीम ने लंबे समय से फरार ईनामी, वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी को अभियान चलाया। टीम ने ईनामी गुरप्रीत सिंह उर्फ गोपी पुत्र अवतार सिंह निवासी मनतारापुर थाना हस्तिनापुर जिला मेरठ को रामनगर पुलिस को सौंप दिया।

## एसटीएफ की 1 माह के अथक प्रयास से पकड़ा गया ईनामी

एसटीएफ की गठित टीम ने तकनीकी तथा भौतिक सूचनाओं का विश्लेषण करते हुये पिछले 1 माह से काम करते हुए अथक प्रयास से अपराधी की गिरफ्तारी की। अपराधी के विरुद्ध पूर्व में उत्तराखंड के रुद्रपुर व रामनगर तथा पंजाब के मोहाली, अमृतसर में हत्या, जान से मारने के प्रयास,गैंगस्टर एक्ट व आर्म्स एक्ट के 6मुकदमें पंजीकृत हैं। जमानत में छूटने पर वह फरार हो गया था और विदेश भाग गया था। उत्तराखड व पंजाब के विभिन्न न्यायालयों से उसे भगोड़ा घोषित करते हुए उसकी गिरफ्तारी के वारंट जारी किए गये थे। वर्ष 2016 रुद्रपुर में इसके द्वारा दिनदहाड़े अपने साथियों के मिलकर छोटे लाल नामक प्रधान की कांन्ट्रेक्ट कीलिंग की गयी थी और 2017 में इसके द्वारा रामनगर में रोके जाने पर पुलिस पाटी पर जान से मारने की नीयत से कई राउंड फायरिंग की गयी थी।

**रामनगर में नाकेबंदी कर ईनामी को दबोचा था:** रामनगर पुलिस के साथ शुक्रवार दोपहर में उत्तराखंड एसटीएफ को उक्त अपराधी के रामनगर क्षेत्र में होने की सूचना मिली थी।

इस पर कोतवाली रामनगर पुलिस से सम्पर्क कर उसे नाकेबंदी कर दबोच लिया। उसकी गिरफ्तारी की सूचना उत्तराखंड व पंजाब के विभिन्न थानों में दी गयी।

उत्तराखंड एसटीएफ टीम में निरीक्षक एमपी सिंह,एसआई बृजभूषण गुररानी, हेड कांस्टेबल जगपाल सिंह,रियाज अख्तर,गुरवंत सिंह के अलावा कोतवाली रामनगर पुलिस प्रभारी निरीक्षक अरुण सैनी, एसएसआई मनोज नयाल,विपिन शर्मा, भूपेन्द्र,ललित आदि शामिल रहे।



## रामभक्तों द्वारा सुंदरकांड, हनुमान चालीसा का पाठ करके आरती की

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

आदर्श रामलीला एवं जन कल्याण समिति सूखाताल रामभक्तों द्वारा सुंदरकांड, हनुमान चालीसा का पाठ करके आरती की गई। शनिवार से रामलीला के अभ्यास का शुभारंभ किया गया। इस दौरान समिति के अध्यक्ष गोपाल सिंह रावत, महासचिव रितेश साह, उपाध्यक्ष हेम लता पांडे, सावित्री सनवाल,सूखाताल वार्ड की सभासद गजाला कमाल,समिति के मीडिया प्रभारी विक्रम सिंह रावत,प्रेमा साह,लता मेहरा, गीता रावत,भूमिका पंत,मुकेश धस्माना,सरोज बिष्ट,हेमा साह, हंसा पंत, पूनम बिष्ट,नीलू भट्ट,कमला सजवान, समीर अली, करण ललित साह,उमा साह, विनीता साह,गीता भट्ट, बीना पांडे,मधु तिवारी, बिमला कांडपाल,संगीता प्रकाश, बीना कांडपाल,किरण वशिष्ठ, राखी समेत अन्य लोग मौजूद रहें।

## कुविवि के डीएसबी परिसर में स्नातक प्रथम सेमेस्टर की प्रवेश प्रक्रिया शुरू

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर में शुक्रवार से स्नातक प्रथम सेमेस्टर की प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई। पहले दिन दिनभर में केवल 59 छात्र-छात्राएं ही दाखिला लेने पहुंचे। प्रथम मैरिट में जगह बनाने वालों को प्रवेश लेने को सोमवार 21 जुलाई तक का समय दिया गया है।

डीएसबी परिसर में बीकॉम, बीए, बीएसी फॉरेस्ट्री और बीएससी एग्रीकल्चर की कक्षा में प्रवेश प्रक्रिया शुरू हुई। बीते दिन बीए की पहली मैरिट लिस्अ जारी की गई थीए जिसमें 174 छात्रों को जगह मिली है। शुक्रवार को केवल 12 छात्रों ने ही प्रवेश लिया।

बीकॉम ऑनर्स में 55 छात्रों की मैरिट में से 13 और बीकॉम की मैरिट में 75 में से केवल 32 छात्रों ने ही प्रवेश लिया। बीएससी फॉरेस्टी में मैरिट लिस्ट के 30 छात्रों में से केवल दो ने ही दाखिला लिया। बीए की प्रवेश प्रभारी डॉ. प्रियंका रुबाली ने बताया कि बीए की पहली मैरिट में नाम वालों से सोमवार तक प्रवेश ले लेने को कहा गया है। इसके बाद दूसरी मैरिट लिस्ट जारी की जाएगी।





## NEWS / फटाफट

### काशीपुर प्रसिद्ध द्रोणसागर में हुए अतिक्रमण के मामले पर सुनवाई अब 21 को

**नैनीताल** । उत्तराखण्ड हाईकोर्ट ने काशीपुर प्रसिद्ध द्रोणसागर में हुए अतिक्रमण के मामले पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद मुख्य न्यायाधीश जी नरेंद्र व न्यायमूर्ति आलोक महरा की खण्डपीठ ने न्यायालय के आदेश पर पूर्व में गठित कमेटी के सदस्यों को सोमवार 21 जुलाई को कोर्ट में पेश होने को कहा है। इस कमेटी में संयुक्त मजिस्ट्रेट काशीपुर, चकबन्दी अधिकारी काशीपुर व पुरातत्व विभाग के अधिकारी शामिल हैं । मामले के अनुसार चक्रेश कुमार जैन ने उच्च न्यायलय में जनहित याचिका दायर कर कहा कि द्रोणसागर में कोर्ट के आदेश के बाद भी लोगों ने अतिक्रमण कर दिया है। आए दिन भू माफि यां झील पर अतिक्रमण कर रहे हैं जबकि सरकार की मंदिर माला योजना के तहत इसको संरक्षित कर लिया गया था। इनको संरक्षित करने का जिम्मा पुरातत्विक विभाग को दिया गया लेकिन अभी तक जांच कमेटी द्वारा 20200 से अब तक कोई निर्णय नहीं लिया गया।

## रामनगर में 6 मामलों में वांछित 10 हज़ार का इनामी शूटर धरदबोचा

**रामनगर**

**हमारे संवाददाता**

कुख्यात अपराधी और 10 हज़ार के इनामी शूटर गुरप्रीत सिंह उर्फ गोपी को आखिरकार एसटीएफ और कोतवाली पुलिस की संयुक्त टीम ने शुक्रवार देर शाम को रामनगर से दबोच लिया।

यह गिरफ्तारी एक महीने की गोपनीय रणनीति और तकनीकी निगरानी के बाद अंजाम दी गई, जिसे लेकर रामनगर कोतवाली में आयोजित प्रेसवार्ता में पुलिस ने खुलासा किया। कोतवाल अरुण सैनी ने बताया कि पकड़ा गया आरोपी गोपी वर्ष 2016 में रुद्रपुर में चर्चित प्रधान छोटे लाल की हत्या और 2017 में रामनगर में पुलिस पर जानलेवा फायरिंग के मामले में वांछित था। लंबे समय तक फरार चल रहा यह अपराधी देश छोड़कर विदेश भाग गया था और विभिन्न अदालतों द्वारा भगोड़ा घोषित हो चुका था।उत्तराखंड पुलिस की इस बड़ी कामयाबी में एसटीएफ की कुमाऊं यूनिट और कोतवाली टीम ने मिलकर बड़ा ऑपरेशन चलाया। एसटीएफ मुख्यालय से विशेष निर्देश के तहत यह कार्रवाई अंजाम दी गई। आरोपी गुरप्रीत पर उत्तराखंड और पंजाब में हत्या, जानलेवा हमला, गैंगस्टर एक्ट और आर्म्स एक्ट जैसे गंभीर धाराओं के तहत कुल 6 आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। 2017 की घटना में आरोपी ने अपने साथियों के साथ रामनगर क्षेत्र में पुलिस नाके पर रुकने से इनकार करते हुए कई राउंड फायरिंग की थी। हालांकि, सौभाग्य से किसी पुलिसकर्मी को चोट नहीं आई थी। गिरफ्तारी के बाद कुछ समय वह जमानत पर छूटा, फिर रफूचक्कर हो गया। कोर्ट ने उस पर स्थायी वारंट जारी किया था और पुलिस ने इनाम घोषित किया था।गिरफ्तारी के समय आरोपी के पास से कोई हथियार बरामद नहीं हुआ, लेकिन उसकी पुरानी फाइलों ने एक बार फिर उसे सुर्खियों में ला दिया है। पुलिस उसे कोर्ट में पेश कर चुकी है और आगे की कार्यवाही जारी है।इस विशेष ऑपरेशन में एसटीएफ के निरीक्षक एमपी सिंह, उप निरीक्षक बृजभूषण गुररानी, हेड कांस्टेबल जगपाल सिंह, रियाज अख्तर और गुरवंत सिंह ने अहम भूमिका निभाई, जबकि कोतवाली टीम में कोतवाल अरुण सैनी, एसएसआई मनोज नयाल, कांस्टेबल विपिन शर्मा, भूपेन्द्र और ललित सक्रिय रहे। पुलिस का दावा है कि राज्य में अपराधियों की धरपकड़ को लेकर अभियान और तेज किया जाएगा। इस गिरफ्तारी से कानून व्यवस्था को लेकर पुलिस की सख्ती का स्पष्ट संकेत मिलता है।



**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
-संपादक

## पारिवारिक विवादों के मामले में मासिक काउंसलिंग सत्र का आयोजन किया

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

महिलाओं से जुड़े उत्पीड़न और पारिवारिक विवादों के मामलों में संवेदनशीलता दिखाते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रहलाद नारायण मीणा के निर्देश पर महिला ऐच्छिक ब्यूरो द्वारा मासिक काउंसलिंग सत्र का आयोजन किया गया। यह सत्र पुलिस बहुदेशीय भवन, में आयोजित किया गया, जिसमें कुल 07 प्रकरणों की सुनवाई और काउंसलिंग की गई।

सत्र की अध्यक्षता वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने स्वयं की और इसमें ऐच्छिक ब्यूरो के सदस्य डॉ. युवराज पंत (मनोचिकित्सक/काउंसलर), डॉ. प्रभा पंत शिक्षाविद एवं विभागाध्यक्ष, एमबीपीजी कॉलेज, हल्द्वानीअधिवक्ता राम सिंह बसेड़ा पूर्व अध्यक्ष, बार एसोसिएशन, हल्द्वानी की उपस्थिति रही। मामलों को महिला समाधान केंद्र प्रभारी उप निरीक्षक सुनीता कुँवर द्वारा



**आयोजन**

- पुलिस बहुदेशीय भवन, में आयोजित किया गया
- चार मामलों में विधिक कार्रवाई के तहत मुकदमा दर्ज के आदेश

प्रस्तुत किया गया। काउंसलिंग के दौरान दोनों पक्षों की उपस्थिति में गहन चर्चा की गई। एक प्रकरण में दोनों पक्षों के बीच आपसी समझौता कराकर परिवार को दोबारा एक किया गया, जिससे उस घर में फिर से खुशियां लौट आईं। वहीं चार मामलों में विधिक कार्रवाई के तहत मुकदमा दर्ज करने के आदेश दिए गए, एक प्रकरण को अगली सुनवाई की तिथि दी गई, जबकि एक मामले को अग्रिम आदेश हेतु न्यायालय को अग्रसारित किया गया। एस एस पी ने स्पष्ट किया कि पुलिस न केवल कानून व्यवस्था बनाए रखने में अग्रणी है, बल्कि परिवारिक समस्याओं के समाधान, महिला सुरक्षा और सामाजिक समरसता को भी प्राथमिकता दे रही है। ऐच्छिक ब्यूरो के माध्यम से चल रही यह पहल जनहित में बेहद सफल साबित हो रही है।

**पूर्व प्रधान संपादक:**
**स्व. वेदप्रकाश गुप्ता**
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
**श्रीमती आदेश अग्रवाल** द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
**संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल**
**प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल**
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# अभिमत



## गलती किसकी?

*मुश्किल यह है कि किसी को अपनी गलती का अहसास नहीं होता है। प्रशासन पर उंगली उठाना सबसे आसान काम है। प्रशासन की आलोचना करने वालों को अपने गिरेबां में झांकना चाहिए। लोगों ने कभी यह सोचा है कि नालियां क्यों जाम होती हैं? नालियों की सफाई के दौरान प्लास्टिक की बोतलें, पॉलीथिन और अन्य कचरा निकलता है, उसे नाली में कौन फेंकता है? क्या प्रशासन के लोग नालियों में कचरा फेंकते हैं? सीधी सी बात है, पहले अपनी गलती सुधारो, उसके बाद प्रशासन पर उंगली उठाने का अधिकार है।*

बरसात के मौसम में जलभराव गंभीर समस्या है। शायद ही कोई ऐसा शहर हो जहां बारिश में जनभराव न होता हो। मुश्किल यह है कि किसी को अपनी गलती का अहसास नहीं होता है। प्रशासन पर उंगली उठाना सबसे आसान काम है। प्रशासन की आलोचना करने वालों को अपने गिरेबां में झांकना चाहिए। लोगों ने कभी यह सोचा है कि नालियां क्यों जाम होती हैं? नालियों की सफाई के दौरान प्लास्टिक की बोतलें, पॉलीथिन और अन्य कचरा निकलता है, उसे नाली में कौन फेंकता है? क्या प्रशासन के लोग नालियों में कचरा फेंकते हैं? सीधी सी बात है, पहले अपनी गलती सुधारो, उसके बाद प्रशासन पर उंगली उठाने का अधिकार है। सच यह है कि सभी शहरों में स्थानीय प्रशासन बरसात का मौसम शुरू होने से पहले नाले-नालियों की सफाई करवाता है। बारिश होने पर जलभराव वाले क्षेत्र में प्रशासन की टीम जलभराव का तत्काल समाधान करती है। यदाकदा प्रशासन की कमी उजागर जरूर होती है, परन्तु प्रशासन के कार्यों की अनदेखी करना अन्याय होगा। प्रशासन ने मुख्य सड़कों के किनारे और मोहल्लों में कचरे के डिब्बे रखवाये हैं। ज्यादातर शहरों में कूड़ा लेने के लिए वाहन घर-घर और दुकानों तक जाते हैं। अतिक्रमण के कारण नालियां बंद होना भी बहुत बड़ी समस्या है। अतिक्रमण के लिए शहर के कुछ लोग ही जिम्मेदार हैं। गंदे पानी की निकासी की समस्या करीब-करीब हर शहर में है। अनियोजित विकास के कारण जलभराव के साथ ही अन्य समस्याएं होती हैं। यातायात में बाधा और रास्ताजाम की समस्या अनियोजित विकास है। अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ प्रशासन कार्रवाई करता है तो राजनीति आड़े आ जाती है। न्यायालय के आदेश पर अतिक्रमण हटाने में प्रशासन को मदद मिलती है। विभिन्न शहरों में सड़क चौड़ीकरण का कार्य तेजी से किया जा रहा है। अतिक्रमण करके बनाये गये भवनों पर बुलडोजर चलाया जाता है तो प्रशासन पर अन्याय और तानाशाही का आरोप लगता है। सरकारी जमीन पर अतिक्रमण करना लोगों ने सबसे आसान काम समझ लिया है। नालियों को बंद करने के साथ ही फुटपाथ पर भी कब्जा किया जा रहा है। सुप्रीमकोर्ट ने कुछ दिन पहले ही दो टूक शब्दों में चेतावनी दी है कि फुटपाथ पैदल चलने वालों का अधिकार है। फुटपाथ नहीं होने से लोग सड़क पर चलने को मजबूर हैं और दुर्घटना का शिकार होते हैं।

# चोरी का सामान बेचने वाले दुकानों में मारा छापा





**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

शुक्रवार की देर शाम प्रशाशन व नगर निगम की टीम ने अचानक बनभूलपुरा क्षेत्र में अवैध तरीके से अतिक्रमण करने वालों व चोरी का सामान बेचने वाले दुकानदारों की दुकानों में छापा मार दिया। जिससे छेत्र में हड़कंप मच गया। बनभूलपुरा चोरगलिया रोड पर दुकानदारों द्वारा अतिक्रमण करने और कुछ प्रतिष्ठानों द्वारा चोरी का सामान खरीदने व बेचे जाने की शिकायत पर सिटी मजिस्ट्रेट गोपाल चौहान के नेतृत्व में प्रशासन वं नगर निगम की संयुक्त टीम ने क्षेत्र का निरीक्षण कर कार्रवाई की गई। इस अभियान के दौरान चोरगललिया रोड क्षेत्र में विभिन्न दुकानों और गोदामों की जांच की गई। जांच के दौरान एक प्रतिष्ठान में नगर निगम द्वारा नालियों पर लगाई जाने वाली चोरी की गई लोहे की सात जालियां बरामद की गई। नगर निगम द्वारा उक्त प्रतिष्ठान के कब्जेदार के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया

वहीं एक अन्य प्रतिष्ठान में पुराने टीएमटी सरियों का उपयोग कर टीएमटी स्क्वायर बनाने का कार्य किया जा रहा था। टीम द्वारा गोदाम खुलवाकर निरीक्षण किया गया, जहं पुराने व उपयोग में लाए जा चुके सरियों की भारी मात्रा बरामद हुई। प्रतिष्ठान स्वामी मौके पर मौजूद समान का कोई वैध दस्तावेज अथवा खरीद-बिक्री का अभिलेख प्रस्तुत नहीं कर सका। इस पर बरामद सामग्री को चोरी का होने की आशंका के आधार पर गोदाम को सील कर दिया गया एवं गोदाम के मालिक को दस्तावेज प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया है।

निरीक्षण के दौरान सामने आया कि नशेड़ियों द्वारा विभिन्न स्थानों से सरिए सहितअन्य सामग्री चोरी कर इन्हीं दुकानों में बेचा जाता है। एक अन्य प्रतिष्ठान पर दो नाबालिग लड़के कार्य करते हुए पाए गए। मौके पर उनके दस्तावेजों की जांच की जा रही है। लेबर इंस्पेक्टर को बाल श्रम अधिनियम के अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर विधिक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए हैं। सिटी मजिस्ट्रेट द्वारा स्थानीय पुलिस को समस्त प्रकरणों की विस्तृत जांच कर आवश्यक विधिक कार्रवाई सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया है। इस संयुक्त अभियान में नगर आयुक्त ऋचा सिंह, उपजिलाधिकारी राहुल शाह तथा एसएनए गणेश भट्ट उपस्थित रहे। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि चोरी की सामग्री का भंडारण, बाल श्रम एवं अतिक्रमण जैसी गतिविधियाँ गंभीर अपराध हैं, जिन पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

क्षेत्र में नियमित निगरानी एवं छापामारी जारी रहेगी। वहीं नगर आयुक्त ऋचा सिंह ने अतिक्रमण करने वालों को हिदायत दी है कि अगर कोई भी व्यक्ति नाली व अन्य जगहों पर अतिक्रमण करेगा तो उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया जाएगा।

## होटल व होमस्टे में सीसीटीवी को ठीक रखने के निर्देश

**नैनीताल ।** तल्लीताल पुलिस ने क्षेत्र के होटल व होमस्टे में छापेमारी की। इस दौरान पुलिस ने होटल व होमस्टे संचालकों से वहां रुकने वाले पर्यटकों की पूरी जानकारी अपने पास रखने की बात कही, साथ ही होटल व होमस्टे में लगे सीसीटीवी को ठीक रखने के निर्देश दिये। जिले के पुलिस कप्तान प्रहलाद नारायण मीणा के निर्देश पर पुलिस इन दिनों होटल व ढाबों व होमस्टे में चैंकिग अभियान चलाकर व्यवस्थाएं जांच रही हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को तल्लीताल पुलिस ने मॉलरोड समीप होटलों व होमस्टे में छापेमारी की। इस दौरान पुलिस ने होटल व होमस्टे में रजिस्टरों की जांच की साथ ही सीसीटीवी कैमरों की भी जांच की। एसओ रमेश बोरा ने बताया कि पुलिस ने होटल संचालकों से सीसीटीवी सही रखनेएरजिस्टर मेंटेन रखने व पर्यटको की पूरी जानकारी अपने पास रखने के निर्देश दिए। बताया कि अभियान लगातार चालाया जाएगा।

# डीडीहाट के जिपंस प्रत्याशी नरेंद्र सिंह देवपा को हाईकोर्ट ने दी चुनाव लड़ने की अनुमति

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

उत्तराखंड हाईकोर्ट ने जिला पंचायत सदस्य के उममीदवार डीडीहाट का नामांकन पत्र रिटर्निंग अधिकारी के द्वारा निरस्त करने के मामले पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद मुखय न्यायधीश जी नरेंद्र व न्यायमूर्ती आलोक महरा की खण्डपीठ ने उन्हें चुनाव में प्रतिभाग करने की अनुमति दे दी है।

**सुनवाई**


- हाईकोर्ट ने जिला पंचायत सदस्य के उममीदवार डीडीहाट का नामांकन पत्र रिटर्निंग अधिकारी के द्वारा निरस्त करने के मामले पर की सुनवाई

मामले के अनुसार डीडीहाट से जिला पंचायत सदस्य का चुनाव नरेंद्र सिंह देवपा लडना चाह रहे थे। नामांकन की तिथि को उनके द्वारा अपना नामांकन फ ार्म भी भरा लेकिन रिटर्निंग अधिकारी के द्वारा उनका नामांकन इस आधार पर निरस्त कर दिया कि उनके द्वारा उन्होंने अपनी पूर्व की आपराधिक केसों का जिक्र फ ार्म में नहीं किया है। उस कॉलम को नहीं भरा। याचिका में कहा गया कि जो नामांकन पत्र का प्रारूप राज्य निवार्चन आयोग की तरफ से बनाया गया है वह राज्य पंचायतीराज नियमावली की धारा 9 के विरुद्ध है जबकि वे आपराधिक केसो में पहले ही बरी हो चुके हैं। उस कालम को भरना जरूरी नहीं था। वर्तमान में राज्य चुनाव आयोग ने एकट को दरकिनार कर उनका नॉमिनेशन फ ार्म रद्द कर दिया। इस मामले में पहले उनके द्वारा एकलपीठ में चुनौती दी गयी। एकलपीठ ने उसे निरस्त कर दिया जिसके खिलाफ आज उनके द्वारा मुखय न्यायधीश की अध्यक्षता वाली खण्डपीठ में एकलपीठ के आदेश चुनौती दी गयी। खण्डपीठ ने एकट के विरुद्ध जाकर उनका नामांकन पत्र को निरस्त करने के आदेश पर रोक लगा दी। मामले में हुई सुनवाई पर कोर्ट ने राज्य निवार्चन आयोग से पूछा कि कया चुनाव के सिंबल जारी हो गए हैं जिसपर आयोग की तरफ से कहा गया कि नामांकन पत्रों की स्कूटनी हो चुकी है जिनका फ ार्म सही नही था उसे एकट के विरुद्ध मानकर रिटर्निंग अधिकारी ने निरस्त कर दिया और वेलेट पत्र छपने के लिए प्रेस में भेज दिए गए हैं। इस पर कोर्ट ने टिप्पणी करते हुए कहा कि इलेकशन हुआ नहीं है।

प्रोसेस में। न्यायलय में पीड़ितों की याचिकाएं विचाराधीन हैं लेकिन सिंबल आवबंटन से पहले कैसे बैलेट पेपर की प्रिंटिंग की जा सकती है। कौन उममीदवार को कया सिंबल पर चुनाव चाहता है उसकी पसंद का खयाल नहीं रखा?

# फिल्मी दुनिया

## सिनेमाघरों में ओपनिंग डे पर सैयारा ने बनाए रिकॉर्ड



*शुक्रवार को सिनेमाघरों में कई फिल्में रिलीज हुई हैं। इन फिल्मों में सैयारा, तन्वी द ग्रेट और निकिता रॉय शामिल हैं। शुक्रवार यानी 18 जुलाई को सिनेमाघरों में कई फिल्में रिलीज हुई हैं। इसमें सैयारा, तन्वी द ग्रेट और निकिता रॉय शामिल हैं। उम्मीद की जा रही थी कि फिल्म सैयारा अच्छी कमाई करेगी। ऐसे में फिल्म उम्मीदों पर खरी उतरी और इसने पहले दिन बहुत अच्छी कमाई की है। जानते हैं शुक्रवार को बॉक्स ऑफिस पर बाकी फिल्मों का हाल कैसा रहा। अनन्या पांडे के कजिन अहान पांडे की डेब्यू फिल्म सैयारा के रिलीज होते ही एक्स पर अच्छे रिव्यू मिलने शुरू हो गए थे। कई ट्रेड एनालिस्ट ने कयास लगाए थे कि यह फिल्म अच्छी चलेगी। फिल्म सबकी उम्मीदों पर खरी उतरी और इसने डबल डिजिट में कमाई की है। ओपनिंग डे पर इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 20 करोड़ रुपये का कारोबार कर लिया है। अभिनेत्री अनीत पड्डा की भी यह पहली फिल्म है। अनुपम खेर के निर्देशन में बनी फिल्म तन्वी द ग्रेट की शुरू से ही खूब चर्चा है। इसने विदेशों में भी खूब नाम कमाया है। हालांकि 18 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज हुई यह फिल्म पहले दिन दर्शकों को अपनी तरफ खींचने में नाकाम रही। फिल्म ने पहले दिन महज 40 लाख रुपये का ही कारोबार किया। इस फिल्म से शुभांगी दत्त ने डेब्यू किया है। फिल्म में अनुपम खेर, बोमन ईरानी, जैकी श्रॉफ, पल्लवी जोशी और इयान ग्लेन हैं।*

### निकिता रॉय

*सोनाक्षी सिन्हा की अदाकारी वाली फिल्म निकिता रॉय की चर्चा बहुत कम ही थी। यही वजह रही कि यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर पहले दिन कमाल नहीं कर सकी। 18 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर पहले दिन महज 23 लाख रुपये का कारोबार किया है। फिल्म में सोनाक्षी सिन्हा के अलावा परेश रावल और अर्जुन रामपाल हैं। इसके निर्देशक कुश एस सिन्हा हैं।*

**कार्यालय कृषि उत्पादन मण्डी समिति**
**हल्द्वानी (नैनीताल)**
फोन: 05846-245873, वेबसाइट: http://www.ukapmb.org, ई मेल-mandi_haldwani@yahoo.com
पत्रांक: कृ0उ0म0स0/2025-407 दिनांक: 17.07.2025

**आवश्यक सूचना संशोधन**

समिति कार्यालय पत्रांक कृ0उ0म0स0/2025-402 दिनांक 14.07.2025 के द्वारा प्रकाशित आलेख में दिनांक 05.07.2025 के स्थान पर दिनांक 05.08.2025 पढ़ा व समझा जाय। आवश्यक सूचना का शेष भाग यथावत रहेगा।

**सचिव श्रेणी-।**
**कृषि उत्पादन मण्डी**
**समिति हल्द्वानी (नैनीताल)**

# संदिग्ध परिस्थितियों में घर में मिला युवक अस्पताल में भर्ती, मृत्यु

**रुद्रपुर।** थाना ट्रांजिट कैंप क्षेत्र आजादनगर में किराए पर रह रहा युवक को संदिग्ध परिस्थितियों में अस्पताल पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव पोस्टमार्टम की कार्रवाई को मोर्चरी भिजवा दिया। मृतक यूपी के जनपद शाहजहांपुर थाना कटरा क्षेत्र कसरक निवासी था। पुलिस के मुताबिक शुक्रवार रात करीब 9 बजे अस्पताल से सूचना आजादनगर में एक मकान में रह रहा युवक को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अस्पताल में चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर मौके पर पहुंचे एसआई महेश कांडपाल ने जानकारी लेने के बाद शव मोर्चरी भिजवा दिया। उन्होंने बताया कि युवक को पड़ौसी ने अस्पताल पहुंचाया। उसकी उम्र लगभग 25 वर्ष है। मृतक के चाचा महीपाल और बुआ फूफा मोर्चरी पहुंच गए। मृतक दो वर्ष से यहां किराए पर रह कर मजदूरी करता था। मृतक के चाचा के मुताबिक मृतक के मा बाप भी नहीं है। वह इकलौता था।

# 23 वीं उत्तराखंड स्टेट सब जूनियर बैडमिंटन चैंपियन शिप 2025

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

योनेक्स सनराइज 23 वीं उत्तराखंड स्टेट सब जूनियर बैडमिंटन चैंपियन शिप 2025का आयोजन उत्तरांचल स्टेट बैडमिंटन एसोसिएशन के तत्वधान में हंस स्पोर्ट्स एकेडमी कल्याणी व्यू रुद्रपुर में हुआ इस प्रतियोगिता में उत्तराखंड के बच्चों के राष्ट्रीय टीम में चयन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य विकास अधिकारी एवं बैडमिंटन खिलाड़ी देवेश शासनी ने फीता काट कर किया। इस दौरान बैडमिंटन एसोसिएशन के अध्यक्ष पुष्कर राज जैन, सचिव विष्णु कुमार सक्सेना ने अतिथियों का स्वागत किया। इस दौरान सीडीओ ने सभी खिलाडियों का मार्गदर्शन करते हुए बताया कि आने



वाला भविष्य इंडोर गेमस का है और बैडमिंटन एक ऐसा खेल है जिससे आप अपने पूरे शरीर को फिट रख सकते हैं। सीडीओ ने कहा कि हर बच्चे को एवं बढ़ों को भी कोई न कोई गेम जरूर खेलना चाहिए। उन्होंने प्रतियोगिता में भाग ले रहे बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए आह्वाहन किया उत्तराखंड के बच्चे पूरे देश में अपने प्रदेश का नाम बैडमिंटन में रोशन करें। कार्यक्रम में चीफ रेफरी मानस शाह ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। विशिष्ट अतिथि पूरन सिंह बिष्ट को डिप्टी चीफ रेफरी पवन गुप्ता ने सम्मानित किया। जिला सचिव विष्णु सक्सेना ने बताया कि उत्तराखंड प्रदेश के लगभग 300 खिलाडी प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं प्रतिभागियों को अंडर 17अंडर 15 केटेगरी में जीतने पर पुरस्कार एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किए जाएंगे। आयोजन सचिव अमन अरोरा ने बताया कि एसोसिएशन ने खिलाड़ियों के रहने समेत भोजन की व्यवस्था की। प्रतियोगिता का संचालन प्रदेश एसोसिएशन ने नियुक्त टीम के द्वारा की जा रही है । हंस स्पोर्ट्स एकेडमी में आयोजित इस प्रतियोगिता को उज्ज्वल बहुगुणा,राहुल राज,रघुनाथ विश्वास,दीपक कोशियारी,प्रशांत कुमार,पीयूष दानू आदि खिलाड़ी संपन्न करवा रहे हैं। आयोजन सचिव ने बताया कि प्रतियोगिता का समापन 20 जुलाई को होगा ।

## News कॉर्नर

### काली फिल्म लगा डीजे बजाकर कार पार्क करना पड़ा महंगा

**नैनीताल ।** पर्यटक को कार में काली फिल्म लगा डीजे बजाकर डांठ पर कार पार्क करना महंगा पड़ गया। पुलिस ने पर्यटक की कार से काली फि ल्म हटाकर चालानी कार्रवाई की है। बता दें कि शुक्रवार को तल्लीताल स्थित गांधी चौक पर कार आकर रुकी। कार में तेज आवाज में गाने बजने लगे तो लोगों ने कार में सवार पर्यटकों को टोका लेकिन पर्यटकों ने और तेज आवाज में गाने बजा दिए। इस दौरान गीत की तेज आवाज सुनकर एसआई सतीश उपाध्याय व कांस्टेबल अमित गहलोत भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने पर्यटक से आवाज कम कराने की बात कही साथ ही काली फि़ल्म निकालने की भी बात कही, जिस पर पर्यटक आनाकानी दिखाने लगे। जिसके बाद पुलिस ने कार के सीसे से काली पन्नी उखाड़ दी। एसआई सतीश उपाध्याय ने बताया कि कार के सीसे से काली फि ल्म निकालकर जयपुर राजस्थान निवासी ओमप्रकाश के खिलाफ एमवी एकट के तहत चालानी कार्रवाई की गई है।

### निजी स्कूटी पर्यटक को किराए पर देने से स्कूटी सीज

**नैनीताल ।** नगर के तल्लीताल क्षेत्र में एक पर्यटक को निजी स्कूटी किराए पर देना स्वामी को महंगा पड़ गया। पुलिस ने स्कूटी सीज कर दी है। जानकारी के अनुसार शुक्रवार को तल्लीताल में एसआई सतीश उपाध्याय व कांस्टेबल अमित गहलोत चैकिंग अभियान में जुटे थे। इस दौरान एक निजी स्कूटी को युवक लहराते हुए चला रहा था। जब पुलिस ने युवक को रोक पूछताछ की तो पता चला कि दिल्ली निवासी विशाल यूके 04 कयू -9052 प्राइवेट स्कूटी को भवाली से किराए में लाया है। एसआई सतीश उपाध्याय ने बताया कि निजी वाहन किराए पर देने पर भवाली निवासी तालिब हुसैन की स्कूटी यूके 004 कयू-9052 को सीज कर दिया है।

### कांवड़ियों से भरा ट्रक पलटा, तीन की हालत गंभीर

**ऋषिकेश।** नीलकंठ जा रहे 28 कांवड़ियों से भरा ट्रक पलट गया। हादसे में तीन गंभीर चोटें आई हैं। देहरादून-ऋषिकेश मोटर मार्ग पर हादसा हो गया। नीलकंठ मंदिर जलाभिषेक के लिए जा रहे कांवड़ियों से भरा एक ट्रक सात मोड़ के समीप दुर्गा माता मंदिर के पास अनियंत्रित होकर पलट गया। ट्रक में चालक समेत कुल 28 कांवड़िए सवार थे। हादसे की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगों ने कोतवाली पुलिस को सूचना दी।

# रामनगर: सारिम हत्याकांड में नया मोड़, फरार आरोपी ने किया सरेंडर

रामनगर

हमारे संवाददाता

पिछले महीने क्षेत्र में सनसनी फैला देने वाले सारिम हत्याकांड में एक और अहम कड़ी जुड़ गई है। इस मामले में लंबे समय से फरार चल रहा आरोपी आखिरकार कानून के शिकंजे में आ गया है।

जानकारी के मुताबिक, आरोपी अरमान पुत्र मेहर आलम, निवासी बेड़ाझाल ने शुक्रवार को न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया। कोर्ट के आदेश पर रामनगर कोतवाली पुलिस ने उसे रिमांड पर लेकर सघन पूछताछ की। पूछताछ के दौरान आरोपी ने कुछ अहम सुराग साझा किए, जिसके आधार पर पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त एक डंडा भी बरामद किया है। गौरतलब है कि 15 जून को असरफ पुत्र भूरे की तहरीर पर पुलिस ने मुख्य आरोपी सिकंदर समेत कुल छह लोगों को गिरफ्तार किया था।

जबकि अरमान घटना के बाद से ही



फरार चल रहा था। अब अरमान की गिरफ्तारी से मामले की कड़ियाँ और भी स्पष्ट होती नजर आ रही हैं। पूरे ऑपरेशन में कोतवाल अरुण कुमार सैनी के नेतृत्व में वरिष्ठ उप निरीक्षक मनोज नयाल, हेड कांस्टेबल राजेन्द्र पुण्डीर, कांस्टेबल प्रयाग कुमार और कांस्टेबल विपिन शर्मा की सक्रिय भूमिका रही। पुलिस का कहना है कि अब मामले में चार्जशीट की प्रक्रिया को अंतिम रूप दिया जा रहा है। वहीं स्थानीय लोगों में उम्मीद जगी है कि मृतक को जल्द न्याय मिलेगा और सभी दोषियों को सख्त सजा मिलेगी।

**पूछताछ**

● पुलिस रिमांड पर हुआ बड़ा खुलासा

# मुख्य सचिव ने किच्छा में निर्माणाधीन सेटेलाइट एम्स का स्थलीय निरीक्षण किया

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन ने अधिकारियों के साथ किच्छा में निर्माणाधीन सेटेलाइट एम्स का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यदायी संस्था नागार्जुन कन्सट्रेक्शन कंपनी के प्रबंधक से कार्य प्रगति की जानकारियां ली।

उन्होने एम्स में हैली एम्बुलेंस हेतु एक हैलीपेड भी बनाने के निर्देश दिये। इस दौरान उन्होंने मंडलायुक्त से वार्ता करने के निर्देश प्रोजेक्ट मैनेजर को दिये, ताकि भविष्य में मरीजो को हैली एम्बुलेंस की सुविधा भी मिल सकें साथ ही उन्होने अन्य एम्स की तर्ज पर मरीजो के तिमारदारों हेतु रहने की व्यवस्था करने के निर्देश दिये। एम्स के बाउंड्री के किनारे नाले मजबूत बनाते हुए उस पर 4 पुलिया निर्माण कराने के निर्देश लोक निर्माण व सिंचाई विभाग के अभियंताओं को दिये। मुख्य सचिव ने सिडकुल सितारगंज में निर्माणाधीन प्लास्टिक पार्क व सिडकुल पंतनगर औद्योगिक संस्थानो का भी स्थलीय निरीक्षण कर जानकारिया ली। निरीक्षण के दौरान गन्ना एवं चीनी आयुक्त टीएस मर्तोलिया, आरएम सिडकुल सितारगंज रविन्द्र सिंह, नागार्जुन कन्सट्रेक्शन कम्पनी के प्रोजेक्ट मैनेजर आदि मौजूद थे।

**निर्देश**

● एम्स में हैली एम्बुलेंस हेतु एक हैलीपेड भी बनाने के निर्देश दिये



# आधुनिक तकनीक से सेब किसानों की आर्थिक स्थिति में सुधार

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नैनीताल निवासी युवा किसान संतोख बिष्ट का कहना है कि उन्होंने आधुनिक तरीके से सेब की खेती की है और इस तकनीक से उन्हें बेहद लाभ भी मिल रहा है उन्हें युवा किसान का पुरस्कार भी मिला है वहीं उत्तरकाशी से आए किसान चमन लाल का कहना है कि उनकी पहले आर्थिक स्थिति बेहद खराब थी और वे इससे पहले मजदूरी करते थे लेकिन उन्होंने पेड़ इंडो डच हॉर्टिकल्चर से लेकर अपने खेत में लगाए थे जिसने अगले ही साल फल दे



दिया और उन्हें डेढ़ लाख का मुनाफा हुआ। उत्तरकाशी के किसान दानवीर सिंह रावत कहते हैं कि उन्होंने 2022 में इन पौधों को अपने खेतों में लगाया था जिसने 2023 में ही फ ल दे दिए थे उनके लगाए गए एक पौधे में लगभग 4 से 5 किलो फलों का उत्पादन हुआ। उन्होंने कहा कि इस तकनीक से जहां किसानों की आर्थिकी में सुधार हुआ है वहीं पहाड़ों से भी पलायन कम हुआ है।


# गौलापार-तीनपानी बाईपास पर बड़ा सड़क हादसा, पांच घायल

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

सड़क हादसे रुकने का नाम ही नहीं ले रहे हैं हर रोज सड़क हादसों में कई लोग अपनी जान गवा चुके है तो कई घायल हालत में जिंदगी ओर मौत की जंग लड़ रहे हैं। एक के बाद एक हादसों से आमजन काफी परेशान दिखाई दे रहा है लेकिन पुलिस प्रशासन अपनी आंखे मूंदे बैठा है।

आज शनिवार तड़के फिर से गौलापार-तीनपानी बाईपास पर बड़ा सड़क हादसा हुआ, गनीमत रही कि वाहन में सवार लोग चोटिल हुए यहां बतादे सुबह ही सुबह जब ट्रेंचिंग ग्राउंड के पास बने कट पर एक तेज रफ्तार ट्रक और कार के बीच जोरदार टक्कर हो गई। इस हादसे में कार सवार पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में एक महिला भी शामिल है। मॉर्निंग वॉक लोगो के मुताबिक, तीनपानी की ओर से आ रहे दोनों वाहन—एक टिपर यूके04सी सी 1857 और कार यू पी32एम एम0530—एक साथ कट से मुड़ने का प्रयास कर रहे थे। इसी दौरान ट्रक की चपेट में आकर कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि वहां सड़क पर चल रहे लोगों में अफरा-तफरी मच गई। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को अपने वाहन से सुशीला तिवारी अस्पताल पहुंचाया जहां उनका उपचार चल रहा है पुलिस के मुताबिक घायलों के नाम राजन पांडे पुत्र अर्जुन पांडे, शिवम पांडे,देवेंद्र पांडे, शगुन पांडे पत्नी देवेंद्र पांडे, अनक दुबे पुत्र प्रभा शंकर, मूलनिवासी लखनऊ बताया गया है। ट्रक और कार दोनों ही तीनपानी की दिशा से आ रहे थे। ट्रक जब ट्रेंचिंग ग्राउंड के कट से मुड़ने लगा, उसी समय उसके पीछे चल रही कार भी मुड़ी और तेज गति में होने के कारण ट्रक से भिड़ गई। ये हादसा इस रोड पर कोई पहला मामला नहीं है इससे पूर्व में भी कई हादसे हो चुके है। स्थानीय लोगों ने एक बार फिर इस कट को लेकर प्रशासन से ठोस कार्रवाई की मांग की है। लोगों का कहना है कि जब तक यहां पर ट्रैफिक को सुव्यवस्थित करने के लिए उचित संकेतक और गति नियंत्रण उपाय नहीं किए जाते, तब तक इस तरह की घटनाएं होती रहेंगी।ओर आमजन अपनी जान गवाते रहेगे।



# अंतरराज्यीय सीमा पर उत्तराखंड एवं उत्तर प्रदेश संयुक्त आबकारी टीम की कार्रवाई

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

उत्तराखंड में होने जा रहे त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में अवैध मदिरा के दुरुपयोग एवं रोकथाम के लिए प्रदत्त आबकारी आयुक्त उत्तराखंड के निर्देश में, जनपद ऊधम सिंह नगर के क्षेत्र रुद्रपुर एवं जनपदीय प्रवर्तन दल ने चुनाव को प्रभावित करने वाली अवैध/नकली मदिरा की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे संयुक्त अभियान के दौरान एक डमी ग्राहक के माध्यम से की गई सुरागसी में यह तथ्य सामने आया कि उत्तर प्रदेश के सीमावर्ती क्षेत्र में अवैध मदिरा का निर्माण किया जा रहा है।

जिसे त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में खपाकर कर चुनाव को प्रभावित किए जाने के प्रयत्न किए जा रहे हैं। देर रात्रि, उत्तर प्रदेश के रामपुर जनपद के बिलासपुर क्षेत्र में स्थित ग्राम कोटा अलीगंज, बिलासपुर शुगर



फैक्ट्री के सामने स्थित जसपाल सिंह के आवास को चिन्हित कर टीम ने उत्तर प्रदेश के संबंधित आबकारी निरीक्षक एवं स्थानीय पुलिस को साथ लेकर उक्त घर पर छापेमारी की।

**संयुक्त छापेमारी में घर से निम्न वस्तुएं बरामद की गईः** 16 अद्दे मैकडॉवेल व्हिस्की, 10 खाली मैकडॉवेल, 90 पव्वे मैकडॉवेल, 5095 नीले इंपीरियल ब्लू के ढक्कन, 540 मैकडॉवेल के ढक्कन, 210 रॉयल स्टैग के ढक्कन, 500 एमएल कैरोमल, 50 लीटर एल्कोहोल।

**मौके पर गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः** आकाश दीप उर्फ अर्जुन पुत्र सरवन सिंह निवासी करतारपुर रोड, चांदपुर, सुखधाम एनक्लेव, थाना बिलासपुर, जनपद रामपुर। कार्रवाई में उत्तराखंड आबकारी विभाग के कार्मिक आबकारी निरीक्षक महेन्द्र सिंह बिष्ट, बृजेश जोशी,उप आबकारी निरीक्षक महेश पंत, विजेन्द्र जीना, देवेंद्र कुमार,प्रधान आबकारी सिपाही दीपक दुबे, विकास रावत, आबकारी सिपाही- वीरेंद्र, राजेन्द्र, बलजीत, मंजू आदि शामिल रहे।